हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 12 जनवरी 2026
[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

04 उद्योग, पर्यटन, ऊर्जा, व कृषि क्षेत्र में विकास पर हुई चर्चा

07 काम के अधिकार को खत्म कर रही भाजपाः कांग्रेस


## खबर संक्षेप में



### मां बगलामुखी मंदिर पर रविवार को बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी मंदिर पर रविवार अवकाश के दिन दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, भारी भीड़ के चलते श्रद्धालु को गर्भ गृह के बाहर से माता रानी के दर्शन करवाए गए। मंदिर पर होने वाली मंगला एवं संध्याकालीन आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मनोकामना पूर्ति हेतु माता मंदिर में हवन - अनुष्ठान कर पूजन भी की गई। मां बगलामुखी का प्रतिदिन विभिन्न रंगों की चुनर एवं आभूषणों के साथ श्रृंगार किया जाता है, मंदिर पर आने वाले भक्त माता के मनोहारी रूप की एक झलक पाने के लिए आतुर दिखाई देते हैं।

### चोरों ने एक दर्जन घरों के चटकाए ताले

**सीहोर।** शहर में सुरक्षित मानी जाने वाली राजस्व कॉलोनी में चोरों ने बीती रात जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने आरटीओ दफ्तर के पास स्थित इस पॉश कॉलोनी को निशाना बनाते हुए एसडीएम, तहसीलदार और अन्य राजस्व अधिकारियों सहित करीब एक दर्जन घरों के ताले चटका दिए। नए साल के दूसरे सप्ताह में हुई इस बड़ी वारदात से प्रशासनिक अमले और शहरवासियों में हडक़ंप मच गया है। जानकारी के अनुसार चोरों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। राजस्व कॉलोनी में रहने वाले कई बड़े अधिकारियों के सरकारी आवासों के ताले टूटे मिले। बताया जा रहा है कि चोरों ने उन घरों को विशेष रूप से निशाना बनाया जहां अधिकारी छुट्टी या किसी कार्यवश बाहर गए हुए थे। सुबह जब पड़ोसियों और कर्मचारियों ने दरवाजों के ताले टूटे देखे, तब चोरी की इस बड़ी घटना का खुलासा हुआ। बीते कुछ दिनों से शहर में चोरी की घटनाएं शांत थीं, जिससे लग रहा था कि अपराधों पर अंकुश लग गया है। लेकिन साल के दूसरे ही हफ्ते में चोरों ने एक साथ इतनी बड़ी वारदात कर पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर दिए। एक साथ 10 से 12 घरों के ताले टूटना इस बात का संकेत है कि चोरों का गिरोह काफी सक्रिय और बेखौफ है।

### कोहरे का असरः 20 मीटर तक सिमटी नजर, दो दिन बाद लौटा कोहरा

**सीहोर।** जिले में दो दिन की राहत के बाद शनिवार को एक बार फिर घना कोहरा छा गया। सुबह के समय हालात ऐसे रहे कि दृश्यता घटकर महज 20 मीटर तक सिमट गई। भोपाल-इंदौर हाईवे पर भी कोहरे का असर साफ नजर आया, जहां वाहनों की हेडलाइटें धुंध में मुश्किल से दिखाई दे रही थीं।

### कन्या पूजन व ध्वजारोहण का भी हुआ कार्यक्रम

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर महा आरती के साथ भंडारे का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर नगर में पंचमुखी हनुमान मंदिर पर महाआरती, कन्या पूजन के साथ भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया। हनुमान मंदिर को पुष्पों एवं विद्युत रोशनी से आकर्षक रूप से सजाया गया था। रविवार को नगर में राम भक्तों में वही उत्साह और उमंग दिखाई दे रहा था जो दो वर्ष पूर्व अयोध्या में भव्य मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के समय था। शनिवार को ही राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर नगर के मध्य चौक बाजार में स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान जी का आकर्षक चोला चढ़ाकर श्रृंगार किया गया। सांय 7 बजे से भजन संध्या के साथ संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन हुआ। रविवार को हनुमान मंदिर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम हुआ। इसके पूर्व ध्वजा का चल समारोह निकाला गया। जिसमें श्रद्धालु सिर पर ध्वजा को धारण करते हुए चल रहे थे। पूजा आरती के बाद मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई गई। सायं 3 बजे महाआरती की गई। सायं 3.30 बजे कन्या पूजन एवं कन्या भोज के साथ विशाल भंडारा प्रारंभ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगर वासियों के साथ ग्रामीण अंचल से भी नागरिकों ने भाग लिया। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ को लेकर पंचमुखी हनुमान मंदिर एवं बाजार को दुल्हन की तरह सजाया गया। केशरिया पताकाओं के साथ ही आकर्षक विद्युत सज्ज्रा की गई। हनुमान मंदिर को पुष्पों से सजाया गया था।









### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर निकली प्रभातफेरी

*अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्षगांठ पर श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा नगर में प्रभातफेरी निकाली गई। रविवार को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर प्रातः 5.30 बजे से चौक बाजार से प्रभातफेरी प्रारंभ हुई। प्रभातफेरी अपने प्रतिदिन के नियत मार्गों से होते हुए पुनः चौक बाजार पहुंची जहां पंचमुखी हनुमान मंदिर पर राम स्तुति की गई। प्रभातफेरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुमधुर भजनों पर थिरकते चल रहे थे। प्रभातफेरी में पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं जो भजनों पर नाचते चल रही थीं। रविवार को घना कोहरा और शीतलहर भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं कर सका।*

### गोपूजन के साथ सम्मेलन का शुभारंभ

## संघ शताब्दी वर्ष अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर हिंदू सम्मेलन आयोजित






**नलखेड़ा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष अंतर्गत तहसील के विभिन्न स्थानों पर हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुए। रविवार को तहसील के ग्राम सेमलखेड़ी में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में जिला व्यवस्था प्रमुख दिलीप कुम्भकार मातृशक्ति वक्ता के रूप में श्रुति प्रजापति संतगण राधेपुरी महाराज हरिहरानंद महाराज आचार्य अनिल शर्मा उपस्थित रहे। ग्राम गुराडिया खाती में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता जिला संपर्क प्रमुख दिनेश कुम्भकार मातृशक्ति वक्ता श्रीमती पिंकी पुरोहित संत राम जानकी दास जी महाराज धाराखेड़ी वाले गौसेवक मुस्कान राठौर उपस्थित थे। ग्राम भंडावद में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता जिला प्रौढ़ कार्य प्रमुख गोपाल विश्वकर्मा मातृशक्ति वक्ता चेतना फ़फरिया संत विष्णु चित्र आचार्य एवं सनत कुमार द्विवेदी उपस्थित थे। शनिवार को ग्राम गोयल में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में विद्या भारती के गोविंद वेदिया मातृ शक्ति वक्ता सोनाली शर्मा संत सत्यानंद महाराज उपस्थित थे। सभी स्थानों पर भारत माता पूजन एवं गौपूजन के साथ सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। सम्मेलनों में वक्ताओं द्वारा संघ के पंच परिवर्तन के विषय पर विस्तार से बताया। संस्कारों के साथ परिवार को एक साथ भोजन करने का आह्वान किया। संघ की स्थापना 1925 से लेकर सौ वर्ष की यात्रा व प्रकल्प को विस्तार से समझाया। हिंदुओं को एक संगत एक पंगत का मंत्र दिया गया। पंच परिवर्तन कुटुंब प्रबोधन पर्यावरण स्वदेशी सामाजिक समरसता एवं नागरिक अनुशासन का आग्रह किया गया। हिंदू धर्म संस्कृति के अनुरूप जीवन जीने एवं देश के लिए समर्पित रहने का संदेश दिया गया। सभी स्थानों पर समापन पर सहभोज का आयोजन हुआ।



## मकर संक्रांति के पूर्व पतंगों से हो रहा आसमान सतरंगी, जमकर पतंगबाजी



**नलखेड़ा।** मालवा क्षेत्र में मकर संक्रांति के एक माह पूर्व से ही पतंबाजी प्रारंभ हो जाती है। अब जबकि मकर संक्रांति में चंद दिन ही शेष रहे हैं नगर में जमकर पतंगबाजी प्रारंभ हो गई है। आसमान पतंगों से सतरंगी हो रहा है। नगर में भी लगभग एक माह पूर्व से ही पतंगों की दुकानें सज चुकी है। जहां छोटी से लगाकर बड़ी पतंगे उपलब्ध हैं। विभिन्न प्रकार के कार्टूनों के साथ ही नरेंद्र मोदी के चित्र वाली पतंगे बड़ी मात्रा में दुकानों पर उपलब्ध हैं। इन दुकानों पर खरीददारों की भी काफी भीड़ लग रही है। नगर में जहां बच्चों व युवाओं में तो पतंगबाजी को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है, वहीं ऐसे बुजुर्ग जो वर्षों से पतंगबाजी करते आ रहे हैं वे भी पतंगबाजी के अपने शौक को पूरा करने में पीछे नहीं रह रहे हैं।

### पहले मैच में खाटूश्याम व दूसरे मैच में विजय भाऊ इलेवन जीता

**सीहोर।** शनिवार को पहला मैच खाटूश्याम और आयुष क्लब के बीच खेला गया। आयुष क्लब ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 61 रन बनाये और खाटूश्याम ने इस लक्ष्य को 4 ओवर मे ही हासिल कर लिया। वहीं आज का दूसरा मैच विजयभाऊ इलेवन व टाईगर इलेवन के बीच खेला गया। एम्पायर पुष्पेन्द्र ने टॉस कराया, टास जीत कर विजयभाऊ इलेवन ने बेटिंग करते हुए, विजय यादव न 61 रन व गगन यादव ने 38 रन, अमर यादव न 2 रन व कपिल ने 10 रन बनाते हुए टीम का स्कोर 118 रन का विशाल लक्ष्य खड़ा किया और लक्ष्य का पीछा करने उतरी टाईगर इलेवन ने भी 85 रन बनाकर अपने घुटने टेक दिय और हार गई।स्थानीय पीजी कालेज ग्राऊंड पर माँ अन्नुपूर्णा टेन्ट हाऊस द्वारा कराई जा रही टेनिसबाल प्रतियोगिता अध्यक्ष चेम्पियन ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट में अब तक 20 टीमें खेल चुकी है। आज के मैच में एम्पायरिंग कर रहे अक्षत व पुष्पेन्द्र ने बहतरीन डिसिजन लिया।

### भगवान राम की पूजा अर्चना कर बैठक का शुभारंभ

## हिंदू महासम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

सर्व हिंदू समाज द्वारा सनातन संस्कृति सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक हिंदू महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कानड़ में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर बैठक का आयोजन रविवार को कनकेश्वर महादेव मंदिर धर्मशाला पर हुआ। 18 जनवरी को माधव बस्ती और 25 जनवरी को केशव बस्ती में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होगा। भारत माता एवं प्रभु श्री रामचंद्र के चित्र की पूजा अर्चना कर बैठक का शुभारंभ हुआ। विभाग के समरसता प्रमुख सुंदर शर्मा ने हिंदू सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डाल योजनाओं पर चर्चा की। आयोजन को लेकर सर्व हिन्दू समाज जनों की बैठक आयोजित हुई जिसमें सम्मेलन को लेकर रूप रेखा तैयार की गई। महासम्मेलन में मातृशक्ति और संत भी उपस्थित होंगे। हिंदू सम्मेलन की तैयारी चल रही है जिसमें सनातनी बंधुओ को घर-घर जाकर व पीले चावल के साथ हिंदू सम्मेलन में सह परिवार आने के लिए निमंत्रण पत्र देने का कार्य हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के सदस्य द्वारा किया जा रहा है।

### निर्माण एजेंसी के ढुलमुल रवैए के चलते ग्रामीणों को हो रही परेशानी

# चंदेरी-बिलकिसगंज सड़क निर्माण से क्षेत्र में हो रहा वायु प्रदूषण, धूल के गुबार बना रहे बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सड़क निर्माण से वायु प्रदूषण और बीमारी की शिकायत ग्रामीणों ने भोपाल जाकर मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री पीडब्ल्यूडी मंत्री मुख्य सचिव मानव अधिकार आयोग प्रदूषण बोर्ड से की।

सीहोर-चंदेरी बिलकिसगंज सड़क निर्माण से हो रहा है धूल एवं प्रदूषण से ग्रामीण जनता बीमार हो रही है, सड़क निर्माण में पुराने डामर को उखाड़ कर नया डामरीकरण में मिक्स कर घटिया निर्माण करने की शिकायत भी की गई है। चंदेरी बिलकिसगंज क्षेत्र में चल रहे सीहोर बिलकिसगंज सड़क निर्माण कार्य के कारण वायु प्रदूषण गंभीर समस्या बन गई है। खुदाई मलबे में भारी वाहनों की आवा जावी से उडऩे वाली धूल से पूरे इलाके में प्रदूषण कर दिया है, जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है।



स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार दिनभर उड़ती धूल से कारों एवं दुकानों पर धूल की मोटी परत जम जाती है। धूल के कारण खासकर बच्चे बुजुर्गों को दमा व सांस संबंधित रोगों से पीड़ित लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। कई लोगों को खांसी, आंखों में जलन, सांस फूलने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई ग्रामीण जन बीमार हो गए हैं। विगत कई महीनों से यह समस्या ग्रामीण जन झेल रहे हैं। कई दिनों से रोड खुदा पड़ा है, परंतु पिछले कई दिनों से निर्माणधीन रोड पर पानी नहीं डाला गया है ना ही निर्माण स्थल पर धूल नियंत्रण का आवश्यक उपाय किया जा रहे हैं। पानी का छिडक़ाव प्रतिदिन नियमित रूप से नहीं हो रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञ ने चेतावनी दी है कि लंबे समय तक इस तरह से प्रदूषण के संपर्क में रहने से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। स्थानीय नागरिकों द्वारा निर्माण एजेंसी संबंधित विभाग से मांग की गई की सड़क निर्माण कार्य पर्यावरण नियमों का शक्ति से पालन कराया जाए। परेशान व आक्रोशित लोगों ने विभाग के चीफ इंजीनियर से शिकायत की है कि सीहोर जिले के पीडब्ल्यूडी विभाग, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री की मनमानी के कारण जनता परेशान है उनका फोन तक नहीं उठाते।

प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि कि तत्काल दोशियों पर कार्यवाही की जावेगी। उपमुख्यमंत्री डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने भी कार्यवाही करने का ग्रामीण जनों को आश्वासन दिया है एवं मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष आयुक्त प्रताप सिंह द्वारा भी कार्यवाही करने का आश्वासन ग्रामीण जनता को दिया है। साथी ही पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री अहिरवार के खिलाफ शीघ्र कार्यवाही कर संबंधित दोषी अधिकारियों पर कार्रवाही करने के आश्वासन ग्रामीण जनता को दिया है।

## खेलों में कॅरियर बनाने के लिए मोबाइल स्क्रीन छोड़कर मैदान पर आना ही होगा

### सांसद खेल महोत्सव के तहत पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



**सीहोर।** शासकीय मॉडल स्कूल में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों में करियर बनाने के लिए मोबाइल स्क्रीन छोड़कर मैदान पर पसीना बहाना होगा कड़ी मेहनत करनी होगी। खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेलों से अनुशासन, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह मेवाड़ा रहे जिला पंचायत सदस्य शंकर पटेल एवं राष्ट्रीय मानसिक पुनर्वास संस्थान के सहायक संचालक रामकुमार नागर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री दीपा कीर आवासीय खेलकूद संस्थान के प्राचार्य आलोक शर्मा की उपस्थिति रही। विधायक एवं अतिथियों ने कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती पूजन के साथ किया। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विद्यालय में आयोजित खेलों में जीतने वाले खिलाड़ियों को विधायक सुदेश राय ने शील्ड एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला ईकाई में नियुक्ति होने पर दी बधाई



भौरासा। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताअध्यक्ष शलभ भदोरिया द्वारा व प्रदेश सह सयोजक शासन एवं संगठन समन्वय समिति वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र राजपुरोहित प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उज्जैन व रतलाम संभाग के प्रभारी राजेंद्र राठौर, प्रदेश सचिव डॉ. नरेंद्र सिंह राजावत की सलाह तथा उज्जैन संभाग के अध्यक्ष मनोज जैन की अनुशंसा पर देवास जिला इकाई के पद पर अरविंद चौकसे को देवास जिला अध्यक्ष एवं महासचिव के पद पर चेतन राठौड़ को मनोनीत होने पर भौरासा प्रेस क्लब के द्वारा बधाई दी गई। इस अवसर पर भौरासा प्रेस क्लब संयोजक राधेश्याम नागर ,प्रदीप मंत्री, प्रेस क्लब मार्गदर्शक संतोष गोस्वामी, जीवन सिंह ठाकुर, भौरासा प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला,अभय देव नागर, मनोज जोशी, प्रेमचंद सेठी, नरेंद्र माली, अजहर खान, शिवा मित्तल,आनंद सिंह ठाकुर,चेतन यादव, अंकित मालवीय, फूल सिंह पटेल, कुंदन ठाकुर, पोप सिंह यादव, इलियास पठान,अशोक विश्वकर्मा ने बधाई दी।

### 5100 पतंग के साथ चकरी व तिलगुड़ के लड्डुओं का होगा वितरण

देवास। हिन्दू उत्सव समिति एवं धर्मेन्द्र सिंह बैस मित्र मण्डल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मकर सक्रांति पर्व उत्साह व पारम्परिक रूप से विधायक गायत्रीराजे पवार के मार्गदर्शन में मनाया जाएगा। समिति अध्यक्ष बैस ने बताया कि 14 जनवरी को प्रातः 11 बजे से स्टेशन रोड स्थित गजरा गियर्स चौराहे पर भव्य मंच लगाकर मकर सक्रांति के गीतों के साथ सभी को मंगल तिलक लगाया जाएगा। तत्पश्चात 5100 पतंगों के साथ चकरी व तिलगुड़ के लड्डूओ का वितरण बच्चों को आमजनों को किया जाएगा। आयोजित हुए कार्यक्रम मे मुख्य रूप से भाजपा पदाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी समिति के नीतिन

## संघ के स्थापना के शताब्दी वर्ष में 9 मंडलों के 80 गांवों के लोग हुए सम्मिलित

# जिलेभर की 17 बस्तियों के साथ करनावद भौंरासा व पीपलरांवा में हुआ हिन्दू सम्मेलन

### आगामी दिनों में देवास नगर की शेष15 बस्तियों के हिन्दू सम्मेलन होंगे आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/भौरासा

मध्य प्रदेश -सनातन संस्कृति के संरक्षण तथा राष्ट्र सुरक्षा में समाज की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य रविवार को 9 मंडलों एवं देवास नगर की 17 बस्तियों के साथ करनावद, भौरासा एवं पीपलरांवा नगर में भी विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ जिनमे एक लाख से अधिक लोग सम्मिलित हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के शताब्दी वर्ष होने पर आयोजित हो रहे है।

ग्रामीण अंचलों के 9 मंडलों में 80 गांवों के लोग सहभागी हुए। देवास नगर में इटावा,विजयनगर, मुखर्जीनगर, रामनगर, मोती बंगला, नई आबादी, कैलादेवी, सनसिटी, नागदा, जवाहर नगर, कालानी बाग, बजरंगपुरा, तुलजा भवानी, राजाभाऊ, महांकाल,राधागंज, आदर्श नगर एवं भोसले कालोनी बस्तियों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुए। इन सम्मेलनों में भारत माता पूजन एवं आरती,गो पूजन, शास्त्र पूजन,कलश यात्रा, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन जैसे धार्मिक कार्यक्रमों के साथ गणेश-सरस्वती वंदना पर नृत्य एवं पंच परिवर्तन पर नाटिका जैसे संस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर सभी स्थानों पर समरसता सहभोज भी आयोजित किए गए। स्थानीय स्तर पर प्रमुख संत, मातृ शक्तियां,समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी वक्ता के रूप में रहे। वक्ताओं ने हिन्दू समाज को अपनी सनातन परंपराओं,मूल्यों एवं संगठन शक्ति के प्रति जागरूक करने का आव्हान किया। सामाजिक एकता को मजबूत करने एवं राष्ट्रहित में सामूहिक योगदान पर बल देना सभी का कर्तव्य है। वक्ताओं ने पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन के महत्व को बताया। संतो ने हिन्दू समाज की एकजुटता ही विश्व कल्याण का मार्ग है बताया। आगामी दिनों में देवास नगर की शेष15 बस्तियों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे।




### पीपलरांवा के हिन्दू सम्मलेन में 2 बेटियों का भी विवाह हुआ

पीपलरांवा नगर के हिंदू सम्मेलन समरसता का विशेष रूप देखने को मिला। यहां आयोजन समिति द्वारा हिन्दू सम्मलेन में गरीब परिवारों की दो बेटियों का निःशुल्क विवाह भी करवाया गया। इसमें हिंदू सम्मेलन में सहभागी हजारों लोगों ने नवयुगलों को आशीर्वाद प्रदान किया।

### भौरासा में आयोजित 'विराट हिंदू सम्मेलन' में उमड़ा जनसैलाब

भौरासा। नगर में आयोजित 'विराट हिंदू सम्मेलन' में धर्म और राष्ट्रभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। स्थानीय स्तर पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में नगर के सर्व समाज के 5 हजार से भी अधिक हिंदू धर्मावलंबियों ने सहभागिता कर एकता का परिचय दिया। संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर नगर में एक भव्य विराट हिन्दू सम्मेलन का सफल आयोजन हुआ। रविवार को नगर के बाबा भॅंवरनाथ महाराज मंदिर प्रांगण में बाबा भॅंवरनाथ हिन्दू सम्मेलन समिति द्वारा हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश वंदना के साथ हुई जिसे दुर्गेश राठौर द्वारा गाया गया। इसके पश्चात संघ गीत को पलक व अन्तिम कुमावत के द्वारा गाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्र कवि जाग्रत मालवा पत्रिका के प्रधान संपादक देव कृष्ण व्यास,पंडित भगवताचार्य सोहन जोशी एवं नगर दुर्गा वाहिनी लाड़कुंवर तोमर मुख्य रूप से मंचासिन थे। आयोजन प्रारंभ के दौरान सर्व प्रथम भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलित गो माता पूजन एवं श्री राम दरबार का पूजन किया गया। साथ ही छोटे छोटे बच्चों को श्री राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, भारत माता के प्रतिरूप बनाकर मंच पर उपस्थित हुए। उसके पश्चात पधारे अतिथियों का परिचय हेमंत बंड के द्वारा करवाया गया। साथ ही कार्यक्रम का संचालन मनीष कुमावत ने किया व बाबा भवॅरनाथ हिन्दु सम्मेलन के संयोजक कन्हैयालाल खाटवा ने अभिवादन किया। आयोजन के दौरान मुख्य वक्ता व्यास ने अपने तीखे शब्दों की धारा से संपूर्ण देश में बनी। हिन्दू समर्पित विचारों के दल,परिषद, के बारे में बताया ओर कहा कि आज हम अपने बच्चो के लिए अच्छे अच्छे स्कूल की सोचते हे और उसे विदेश पड़ने के लिए भेज देते परन्तु अब बच्चा विदेश जाएगा पर स्वामी विवेकानंद जी महाराज के विचारों को लेकर अपने देश हित में काम करे। अंत में भारत माता की सामूहिक आरती उतारी गई। उसके पश्चात सहभोज का आयोजन रखा गया। भोजन प्रसादी ग्रहण की गई व आभार नगर परसाई मनोज जोशी द्वारा माना गया।

# बरोठा पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के दो आरोपी किए गिरफ्तार

### ऑपरेशन प्रहार के तहत की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा संगठित अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु सम्पूर्ण जिले में "ऑपरेशन प्रहार" प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत अवैध शराब संबंधी अपराध में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में 09 जनवरी को पुलिस थाना बरोठा पर मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक सिल्बर रंग की वेगेनार कार रेवाडी से कैलोद तरफ जा रही है जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब भरी हुई है, जिस पर से एएसपी (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक (एल-आर) संजय शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी बरोठा निरीक्षक सविता सिंह तत्काल मय फोर्स के मुखबिर सूचना द्वारा बताए गए स्थान कैलोद गांव से रेवाडी की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर पहुची जहां पर एक सिल्वर रंग की' वेगेनार कार सामने की तरफ से आते हए दिखाई दी, जिसका चालक पुलिस को देखकर अपनी कार को भगा कर ले जाने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस टीम द्वारा घेरा बंदी कर रोका गया. कार की तलाशी लेने पर कार की आगे वाली कंडक्टर सीट,पीछे वाली सवारी सीट एंव उसके नीचे एवं कार की डिक्की में शराब की पेटियां रखी हई पायी गयी, जिसके संबंध में चालक से पूछने पर उसके द्वारा उक्त पेटियों में शराब होना बताई गयी जिसके परिवहन एवं रखने के संबंध में वैध लायसेंस के सबंध में पुछताछ करने पर कोई वैध लायसेंस नही होना बताया गया। उक्त वाहन में अग्रेंजी शराब की कुल 38 पेटी जिनमें 334 लीटर अवैध शराब होना पायी गई के। बाल अपचारी के कब्जे से उक्त शराब को मय 01 सिल्वर रंग की वेगेनार कार क्रमांक' एमपी 13 सीए 7481 के जप्त किया जाकर पुलिस थाना बरोठा पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र. 12/2026 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया हैं। विवेचना के दोरान विधी से संघर्षरत बालक के द्वारा बताये गये बयान के आधार पर लाइसेंसी ठेकेदार एवं उसके साथी को गिरफ्तार किया गया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विधि से संघर्षरत अपचारी बालक, मोनु उर्फ मनपरित ज़नेजा पिता तेजपाल जनेजा और अमन पिता कमल नागर निवासी बरोठा को गिरफ्तार किया है।उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी बरोठा सविता सिंह,उनि मलखान सिंह भाटी,मयंक वर्मा,सउनि ईश्वर मण्डलोर्ड, गोरीशंकर झाँ, प्रआर तेज सिंह सिन्हा, दयाराम ईस्के,सचिन पाल,आर विकास, पियूष, पवन,अक्षय, अरुण, आशीष, अजय, आदर्श, सैनिक शेखर, संजीव, महेश,मुकेश एवं सायबर सेल टीम से प्रआर सचिन चौहान, शिवप्रताप सिंह सेंगर की सराहनीय भूमिका रही।

# चोरी करवाकर फिरौती वसूलने वाला गिरोह गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

थाना कमलापुर पर 10 जनवरी को फरियादी दिलीप पिता कल्याण जादव निवासी ग्राम बड़ी द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवाई की 07 जनवरी को उसके खेत के सामने रखी उसकी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 09 बीएम 8783 को कोई अज्ञात बदमाश चोरी कर कर ले गया है और उसके अगले दिन आरोपी गणों द्वारा फोन किया जाता है कि उसकी मोटरसाइकिल उनके पास है अगर 15 हजार दे दोगे तो मोटरसाइकिल वापस मिल जाएगी। फरियादी ने मोटरसाइकिल लेने के लिए आरोपी अरविंद सेंधव के मोबाइल पर फोन पर द्वारा 15000 ट्रांसफर कर दिए थे । उसके बाद भी फरियादी को मोटरसाइकिल नहीं दी गई ।

फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कमलापुर पर अपराध क्रमांक 12/2026 धारा 308(2),303(2) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कमलापुर उनि एस.एस. मीणा के नेतृत्व मे तत्काल एक पुलिस टीम गठित की गई। मुखबिर सूचना के आधार पर उक्त फिरौती गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कुल 03 आरोपियों को ग्राम कुमारिया थाना पीपलरावां जिला देवास से गिरफ्तार किया जाकर उनके कब्जे से फिरौती की गई राशि 15000/- एवं चोरी की गई मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स MP09 बीएम 8783 को एवं चोरी करने में उपयोग की गई एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल भी बरामद की गई कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कृष पिता जितेंद्र हाडा उम्र 19 साल निवासी कुमारिया बनवीर, अविनाश सिसोदिया पिता जितेंद्र सिसोदिया उम्र 21 साल निवासी पीपलरावा और अरविंद सेंधव पिता इंदर सिंह सेंधव उम्र 25 साल निवासी ग्राम बावड़िया थाना पीपलरावा को गिरफ्तार किया। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा,प्रधान आरक्षक राजेंद्र शर्मा,सत्यप्रकाश मिश्रा,आरक्षक अरुण वर्मा,दिलीप एवं सायबर सेल से प्रधान आरक्षक सचिन चौहान की सराहनीय भूमिका रही ।

# बच्चों का स्वास्थ्य खराब होने के मामले में दूषित पानी वाले कुएं को तहसीलदार ने किया सील



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर चापड़ा में संचालित सेंट जान स्कूल में अध्यनरत बच्चों का स्वास्थ्य खराब होने का मामला सामने आया। मामले से जुड़ी शिकायत बागली तहसीलदार नीरज प्रजापति को मिली। शिकायत के बाद पीएचई विभाग की टीम द्वारा स्कूल का निरीक्षण कर वहां के पानी का सैंपल लेकर जांच कराई गई,जांच में स्कूल परिसर में स्थित कुएं का पानी दूषित पाया गया। रविवार के दिन तहसीलदार नीरज प्रजापत, पीएचई एसडीओ हेमंत सेठी , ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एन पी सिंह की उपस्थिति में दुषित पानी वाले कुएं को सील किया गया। इस दौरान प्रजापति ने निर्देश दिए कि स्कूल में बच्चों के स्वास्थ्य के संबंधित बातों का ध्यान रखा जाए और उन्हें स्वच्छ पानी दिया जाए। राजस्व एवं पीएचई विभाग टीम द्वारा मौका पंचनामा बनाकर उक्त कुएं के पानी को उपयोग में लेने पर प्रतिबंध लगाते हुए कुएं की मोटर को सील कर दिया है। तहसीलदार नीरज प्रजापति ने बताया कि सैंपल जांच कराया गया था। जिसमें कुएं का पानी दूषित पाया गया जो कि पीने योग्य नहीं है, जिसे स्कूल स्टाफ की उपस्थिति में सील कर दिया गया है। तीन-चार दिन बाद पुनः पीएचई टीम आकर पानी की जांच करेगी। पीएचई एसडीओ हेमंत शेट्टी ने बताया कि पानी दूषित पाया गया है। पीने में इस पानी का उपयोग नहीं किया जा सकता है। कार्रवाई के दौरान उक्त कुएं के पानी का कोरियनेसन भी किया गया है। इस दौरान पटवारी महेंद्र सिंह चौहान,सुभाष मालवीय,ललीत भंडारी सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

## जिले के समग्र आर्थिक विकास व निवेश संभावनाओं पर नीति आयोग ने ली महत्वपूर्ण बैठक

# उद्योग, पर्यटन, ऊर्जा, व कृषि क्षेत्र में विकास पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा राज्य में क्षेत्रीय आर्थिक विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से G-Hub पहल प्रारंभ की गई है। इस पहल के अंतर्गत भोपाल आर्थिक क्षेत्र एवं इंदौर आर्थिक क्षेत्र को विकास के प्रमुख इंजन के रूप में विकसित करते हुए औद्योगिक, अवसंरचनात्मक, मानव संसाधन एवं संस्थागत क्षमताओं का समेकित आकलन कर दोनों क्षेत्रों के लिए इकनॉमिक प्लान तैयार किया जा रहा है।इस संबंध में रविवार को कलेक्टर कार्यालय देवास में कलेक्टर ऋतुराज सिंह की उपस्थिति में जिला स्तरीय बैठक में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में देवास जिले में विकास की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

नीति आयोग भारत सरकार की इकोनॉमिक सलाहकार एना रॉय ने बताया कि नीति आयोग द्वारा वर्ष 2023 में शहरी नियोजन हेतु "ग्रोथ हब फॉर सिटी रीजन" की नई अवधारणा प्रारंभ की गई है। वर्तमान में भोपाल एवं इंदौर मेट्रोपोलिटन रीजन की योजना तैयार की जा रही है, जिसमें देवास जिला इंदौर मेट्रोपोलिटन रीजन का महत्वपूर्ण घटक हैं। उन्होंने बताया कि आर्थिक विकास को गति देने के लिए शहरी मोबिलिटी, पब्लिक ट्रांसपोर्ट एवं यातायात प्रबंधन को भी इकनॉमिक प्लान का अभिन्न हिस्सा बनाया जाएगा, जिससे नागरिक सुविधाओं के साथ-साथ औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिल सके। यह प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाले वर्षों में निवेश, रोजगार और समग्र विकास को नई ऊँचाइयाँ देगी। कलेक्टर ऋतुराज ने जिले की औद्योगिक एवं निवेश संभावनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि देवास पुराना औद्योगिक क्षेत्र है। यह इन्दौर, उज्जैन और भोपाल के ट्राई जंक्शन पोजीशन पर स्थित है। यहां पर ग्रीन फिल्ड निवेश की संभावनाएं भी अधिक है। यहां पर अधिकतर बड़े मैन्युफैक्चरिंग उद्योग जैसे टाटा, आयसर, सनफार्मा आदि स्थित है। उन्होंने बताया कि जिले में विभिन्न इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाये जा रहे है। उन्होंने जिले में चल रहे बड़े प्रोजेक्टों की जानकारी भी दी। बैठक में पर्यटन, ऊर्जा, कौशल विकास एवं कृषि क्षेत्र के संबंध में चर्चा की गई, जिसमें बताया गया कि देवास में माताजी टेकरी धार्मिक पर्यटन क्षेत्र है, यहां पर देवीलोक बनाये जाने से पर्यटन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा जिले में खिवनी अभ्यारण स्थित है। जो कि मध्यप्रदेश के वेस्टर्न पार्ट का एक मात्र अभ्यारण है। जहां पर टाईगर भी पाये जाते है।

इस कारण अभ्यारण में पर्यटन विकास की अधिक संभावनाएं है। बैठक में पवन उर्जा के विस्तार, कृषि क्षेत्र के विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में कौशल विकास सुदृढ़ करने तथा उद्योग-संचालित आईटीआई एवं अनुसंधान केंद्रों की स्थापना पर भी चर्चा की गई। बैठक में उद्योगों से संबंधित नियामक अड़चनों, भूमि उपलब्धता, पर्यावरणीय चुनौतियों एवं कौशल अंतर को दूर करने हेतु समन्वित प्रयासों पर चर्चा की गई। बैठक में नीति आयोग के दल के 14 सदस्य, प्रशासनिक अधिकारियों में नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, एसडीएम देवास अभिषेक शर्मा, जिला योजना अधिकारी अर्चना टोकेकर सहित अन्य संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# मा. वि. छतरपुरा के बच्चों को ऊनी स्वेटर किए भेंट




हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

विकासखंड के शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय छतरपुरा के बच्चों को सुफलाम सेवा न्यास एवं किरण सेवा न्यास इंदौर के सहयोग से 94 ऊनी स्वेटर भेंट की गई। शीतलहर के दौरान बच्चों को उनी वस्त्र भेंट करते हुए इंदौर की दोनो सस्था के प्रमुख पवन श्रीमाल ने कहा कि ठंड के मौसम में गर्माहट पाकर बच्चों के चेहरे पर जो खुशी दिखी वह हमारे लिए सबसे बड़ा आशीर्वाद है। इस सेवा कार्य मे शिक्षिका दुर्गा पाटीदार निवासी भमोरी वर्तमान में मा. वि. करही जिला खरगोन में पदस्थ का विशेष प्रयास रहा।

स्वेटर वितरण के अवसर पर बतौर अतिथि गाँव की सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार व जनपद सदस्य आशीष पाटीदार ने संस्था सुफलाम सेवा न्यास व किरण सेवा न्यास के सेवा कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुनील पाटीदार, शिक्षक हेमेंद्र शिवहरे, सत्यनारायण भाटी, जवाहर पाटीदार, रवि गोस्वामी, नेमीचंद मामा, अर्चना पाटीदार आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी व सदर विधायक ने किया नगर भ्रमण, जानी विकास कार्यों की हकीकत

# निर्माण कार्यों में सुरक्षा, समयबद्धता और गुणवत्ता से नहीं होगा समझौताः विधायक

**जिले के विकास निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आमजन की सुविधा, यातायात सुरक्षा तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश एवं मा. विधायक सदर श्री रामरतन कुशवाहा द्वारा एक साथ नगर क्षेत्र में संचालित प्रमुख निर्माण परियोजनाओं का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एनएचएआई झांसी द्वारा 44 पर कैलगुवा रोड पर निर्मित ओवर ब्रिज, सेतु निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में निर्मित शहजाद नदी के दीर्घ सेतु तथा जल निगम (शहरी) द्वारा नगर क्षेत्र आजादपुरा में कराए जा रहे पेयजल पाइप लाइन एवं सड़क पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया और कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं आमजन पर पड़ने वाले प्रभाव की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान विधायक सदर ललितपुर रामरतन कुशवाहा ने कहा कि ₹जनता की सुविधा एवं सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई, गुणवत्ता में कमी अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े निर्माण कार्यों में समय-सीमा, गुणवत्ता एवं सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होग। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि जारी निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा कार्य प्रगति की नियमित समीक्षा कर जिला प्रशासन को अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिले के विकास के लिए कराए जा रहे निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही करने वाले अधिकारी और ठेकेदार के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्रवाई की जाएगी।



**ओवर ब्रिज के शेष सभी निर्माण 15 तक पूर्ण किए जाएं**

अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी, सदर विधायक के साथ सबसे पहले एन०एच०ए०आई० झांसी (ओवर ब्रिज) पहुंचे, यहां उन्होंने निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए एन०एच०ए०आई० झांसी को निर्देशित किया गया कि ओवर ब्रिज के शेष सभी निर्माण कार्य अनिवार्य रूप से 15 जनवरी तक पूर्ण किए जाए। कार्य को दिन-रात (247) शिफ्ट प्रणाली में कराते हुए डेक स्लैब, एप्रोच रोड, रेलिंग, कैश बैरियर, सुरक्षा दीवारें, स्ट्रीट लाइट/हाई मास्ट लाइट, रोड मार्किंग, साइन बोर्ड, दिशा-सूचक संकेतक एवं वर्षा जल निकासी (ड्रेनेज सिस्टम) के समस्त कार्य मानक अनुसार शीघ्र पूर्ण किए जाएँ। इसके उपरांत वे सेतु निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में बनाए जा रहे शहजाद नदी के दीर्घ सेतु पर पहुंचे, यहां पर निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान सेतु निगम को निर्देश दिए गए कि दीर्घ सेतु का समस्त निर्माण कार्य शासन द्वारा स्वीकृत समय-सीमा के अंतर्गत अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्य में प्रयुक्त समस्त सामग्री कर/कफउ मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। बरसात के पहले सेतु के पिलर, पाइल, बीम, डेक स्लैब एवं एप्रोच रोड का कार्य विशेष गुणवत्ता नियंत्रण के साथ कराते हुए सभी आवश्यक तकनीकी परीक्षण एवं अनुमोदन पूर्ण किए जाएँ। साथ ही, कार्यस्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा हेतु हेलमेट, जैकेट, सुरक्षा जूते आदि सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाएँ, बैरिकेडिंग एवं चेतावनी संकेतक लगाए जाएँ तथा रात्रिकालीन कार्य हेतु पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाए।

**पाइप लाइन बिछाने का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें**

शहर के आजादपुरा में जल निगम (शहरी) द्वारा कराए जा रहे पाइप लाइन एवं सड़क पुनर्निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान जल निगम (शहरी) को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करते हुए 48 घंटे के भीतर अस्थायी मरम्मत एवं निर्धारित अवधि में स्थायी सड़क पुनर्निर्माण अनिवार्य रूप से कराया जाए। खुदाई कार्य सीमित लंबाई में किया जाए, अन्य भूमिगत सेवाओं (बिजली, गैस, दूरसंचार) को क्षति न पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए तथा कार्यस्थल पर बैरिकेडिंग चेतावनी बोर्ड, प्रकाश व्यवस्था एवं वैकल्पिक मार्ग सुनिश्चित किए जाए, कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध ब्लैकलिस्टिंग सहित कठोर कार्रवाई की जाएगी। परियोजनाओं के निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने वर्णी कॉलेज में बीएलओ द्वारा किए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (रकफ)- 2026 के कार्यों का जायजा लिया, उन्होंने एक एक कर सभी बीएलओ के फर्मों को देखा और उन्हें घर घर जाकर अधिक से अधिक फार्म 6 भरवाए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, एनएचएआई, जल निगम शहरी, सूचना व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## मनरेगा बचाओ संग्राम की शुरुआत

# काम के अधिकार को खत्म कर रही भाजपाः कांग्रेस




**कांग्रेसियों ने घंटाघर पर किया सांकेतिक उपवास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिलाध्यक्ष डा.दायराम रजक व जिला मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में घंटाघर मैदान में सांकेतिक उपवास किया गया। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मनरेगा बचाओ संग्राम आंदोलन के मुख्य बिंदु इस तरह साफ-साफ रखे जा सकते है। हर जरूरतमंद परिवार को मनरेगा के तहत पूरा काम मिले, काम बंद करना बंद हो। जवाबदेही की गारंटी, काम न मिलने, भुगतान में देरी और भ्रष्टाचार के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय हो। भुगतान की गारंटी, मजदूरों को समय पर पूरी मजदूरी मिले, महीनों तक भुगतान न लटकाया जाए। मनरेगा में किए गए बदलाव वापस लेने की गारंटी, मजदूर-विरोधी नियम, ऑनलाइन हाजिरी, जॉब कार्ड कटौती जैसे बदलाव रद्द किए जाएँ। मनरेगा की मूल भावना की गारंटी। मनरेगा जिला प्रभारी जसपाल सिंह बंटी ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम और गरीबों के रोजगार के अधिकार से कोई छेड़छाड़ नहीं। काम के संवैधानिक अधिकार की पूर्ण गारंटी हर नागरिक को सम्मानजनक जीवन के लिए काम पाने का संवैधानिक अधिकार सुनिश्चित किया जाए। मनरेगा के तहत काम न देना संविधान की भावना के खिलाफ है। धरना प्रदर्शन पर नेहा तिवारी, रामदेवी विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, जिला महासचिव शशिकांत दीक्षित, मोहनसिंह चंदेल, हरिबाबू शर्मा, नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे, राकेश रजक, खलक सिंह, रफीक अली, कुलदीप पाठक, ब्रजेश शांडिल्य, दीपक रायकवार, राकेश सेन महरौनी, साहबसिंह लोधी, बलवीरसिंह राजपूत मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पति ने पत्नी के साथ की मारपीट चेहरे पर काटा

**ललितपुर।** पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की और उसके चेहरे पर काट लिया। पीड़िता को कड़ाके की सर्दी में घर से बाहर निकाल दिया गया। बेटी की मदद के लिए 70 किलोमीटर साइकिल चलाकर पहुंचे पिता को भी दामाद ने पीटा। घायल पिता-पुत्री को शनिवार रात ललितपुर मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। थाना मड़ावरा के ग्राम लुहारा निवासी 30 वर्षीय रानी बुनकर ने बताया कि उसकी शादी 12 साल पहले हरिराम बुनकर से हुई थी। रानी के अनुसार, उनकी तीन बेटियां हैं और पति शराब पीकर बेटा न होने पर रोज मारपीट करता है। वह अक्सर उसे ठंड में घर से बाहर निकाल देता है। शुक्रवार रात पति हरिराम ने उसके साथ मारपीट की और उसके चेहरे पर काट लिया। जब इस घटना की जानकारी मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के बडेरा गांव में रहने वाले रानी के पिता छिंगा को मिली, तो वह शनिवार शाम 70 किलोमीटर साइकिल चलाकर बेटी के ससुराल पहुंचे। वहां दामाद हरिराम ने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे वह घायल हो गए। पीड़िता रानी ने यह भी बताया कि पति उसे बेटा न होने पर तलाक देने की धमकी देता है। रानी के पिता ने बताया कि शादी के 12 साल बाद से ही दामाद बेटियों के जन्म के बाद से उनकी बेटी के साथ मारपीट करता आ रहा है।

### कंटेनर की टक्कर से पुत्र की मौत, पिता घायल

**ललितपुर।** नेशनल हाई-वे 44 पर एक कंटेनर ने पिता-पुत्र सवार बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पिता दूर जा उछला, जबकि पुत्र कंटेनर के नीचे आ गया, जिससे कंटेनर उसे रौंदता हुआ निकल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायल पिता को उपचार के जिला अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि ग्राम मगरपुर निवासी भूपेन्द्र सिंह अपने 19 वर्षीय पुत्र शिवांश ठाकुर के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी बीच बिरधा चौकी क्षेत्रांतर्गत नेशनल हाई-वे पर तेज गति से भाग रहे कंटेनर ने बाइक सवारों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक की कंटेनर के रौंदे जाने से मौके पर मौत हो गयी, जबकि पिता घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कंटेनर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा, व्यापारिक संबंधों पर रोक लगाने की मांग की

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार से आप नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे संगठित अत्याचारों को लेकर भारत सरकार पर चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुये कूटनीति व व्यापारिक सम्बन्धों पर तत्काल रोक लगाये जाने की मांग उठायी गयी है। इस सम्बन्ध में प्रदेशीय आह्वान पर आम आदमी पार्टी ने जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी के नेतृत्व में एक ज्ञापन भारत की महामहिम राष्ट्रपति को भेजा है। ज्ञापन में बताया कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के विरुद्ध लगातार हो रहे हमले, मंदिरों को निशाना बनाए जाने, महिलाओं और बच्चों के साथ की जा रही बर्बरता तथा भय के माहौल में जबरन पलायन की घटनाएं अत्यंत




चिंताजनक और मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। इससे भी अधिक पीड़ादायक तथ्य यह है कि इन गंभीर घटनाओं के बावजूद केन्द्र सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस, प्रभावी और निर्णायक कार्रवाई सामने नहीं आई है। आम आदमी पार्टी का स्पष्ट मत जाहिर करते हुये बताया कि भारत जैसे लोकतांत्रिक और नैतिक नेतृत्व वाले राष्ट्र से यह अपेक्षा की जाती है कि वह पड़ौसी देश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रहे संगठित अत्याचारों पर केवल मौन न साधे, बल्कि अपनी कूटनीतिक, आर्थिक और अंतरराष्ट्रीय शक्ति का प्रयोग कर पीड़ितों की सुरक्षा सुनिश्चित कराए।

## हिंदू सम्मेलन का आयोजन उत्साह से संपन्न

# हिंदू समाज की शक्ति व एकता पारस्परिक सहयोग मेंः अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य, गरिमामय एवं ऐतिहासिक आयोजन मंगल भवन, चण्डी मंदिर धाम, ललितपुर में अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में जनपद सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में संत-महात्मा, समाजसेवी, बुद्धिजिजीवी, युवा वर्ग तथा श्रद्धालु नागरिकों ने सहभागिता की।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह क्षेत्र कार्यवाह अनिल श्रीवास्तव रहे। अपने सारगर्भित एवं प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर विस्तार




से प्रकाश डालते हुए हिन्दू एकता, कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा तथा जाति विभाजन से उत्पन्न सामाजिक विघटन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार प्रस्तुत किए। अनिल ने कहा कि हिन्दू समाज की शक्ति उसकी एकता और पारस्परिक सहयोग में निहित है। जाति, वर्ग और क्षेत्र के आधार पर समाज में उत्पन्न विभाजन समाज को कमजोर करता है, जबकि समरसता और परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ करने से ही एक सशक्त एवं संगठित राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के प्रति जागरूक रहते हुए समाज के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएं। सम्मेलन की अध्यक्षता पूज्य चंद्रेश्वर गिरि महाराज (चण्डी मंदिर धाम) ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सनातन धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने की पूर्ण व्यवस्था है।

समाज में व्याप्त वैमनस्य, भेदभाव और विघटन को समाप्त कर समरसता, सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना को जागृत करना ही ऐसे आयोजनों का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने सभी वर्गों से सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने धार्मिक संस्कृति के संरक्षण, पारिवारिक संस्कारों के सुदृढ़ीकरण तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर भी अपने विचार रखे।

# मकर संक्रांति भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व, श्री सर्वेश्वर व मां अन्नपूर्णा धाम में बांटा जाएगा खिचड़ी का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मकर मकर संक्रांति के पावन अवसर पर धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का अनुपम दृश्य एक बार फिर देखने को मिलेगा। श्रीसर्वेश्वर धाम बांध कॉलोनी में 15 व 16 जनवरी को मां अन्नपूर्णा धाम, गनगौरा राजघाट रोड पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य खिचड़ी प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। जगत गुरु स्वामी डा. कृष्णागिरी महाराज एवं गिरीश बाबाजी महाराज महामंडलेश्वर ने संयुक्त रूप से बताया कि मकर संक्रान्ति भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक है। इस दिन दान, पुण्य और सेवा का विशेष महत्व माना गया है। इसी भावना के साथ दोनों धामों में खिचड़ी प्रसाद का विशाल आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है।

आयोजकों के अनुसार खिचड़ी प्रसाद का वितरण सुबह से ही प्रारंभ हो जाएगा। श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजन स्थल पर स्वच्छता, सुरक्षा और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। स्वयंसेवकों की टीम व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करेगी। स्वामी डा. कृष्णागिरी महाराजजी ने बताया कि खिचड़ी प्रसाद केवल भोजन नहीं, बल्कि समरसता और सेवा का प्रतीक है। इसमें जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर सभी लोग एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं, जिससे सामाजिक एकता का संदेश मिलता है। वहीं गिरीश बाबाजी महाराज महामंडलेश्वर ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जोडऩे का कार्य करते हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु, समाजसेवी और भक्तगण सहयोग कर रहे हैं। धाम परिसर को भव्य रूप से सजाया जाएगा तथा भजन-कीर्तन और धार्मिक वातावरण से पूरा क्षेत्र भक्तिमय रहेगा।

# सहरिया समुदाय के बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ने अखिल भारतीय वनवासी आश्रम से संबद्ध सेवा समर्पण संस्थान पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित, मां शबरी वनवासी छात्रावास टेकरी तालबेहट पहुंचे। जहां पर बने हुए छात्रावास का भ्रमण कर आदिवासी सहरिया समुदाय के पढऩे वाले बच्चों को गर्म अंग वस्त्र, कॉपियां, पेन एवं लडडू वितरित किए। परिषद के स्थाई लेखाकार मनोज सराफ बल्ली द्वारा निजी रूप से छात्रावास के बच्चों को 50 चादर भेंट करने की घोषणा की गई। बच्चों के द्वारा चंदन है इस देश की माटी गीत गाया गया। छात्रावास





में भाटिया जी द्वारा किए गए विशेष सहयोग की सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की एवं भगवान श्रीराम मां शबरी के बन रहे मंदिरजी को देखकर सभी का मन प्रफुल्लित हो गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुबोध गोस्वामी, नायकजी, मनोज तिवारी रहे। इस दौरान जितेंद्र जैन, मनोज सराफ, नरेंद्र मोदी, प्रवीण सिंघई, नीरज समैया, अभिषेक जैन अब्बू, राजीव जैन रज्जू, राजेश जैन बल्ली, विपिन जैन रोंडा, हेमंत जैन, विवेक जैन, दीपक सिंघई, साकेत जैन उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित की गई परिचर्चा

# विवेकानंद का मानना था कि गीता का पाठ नौजवानों को खेल के मैदान में सीखना चाहिएः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि विवेकानंद , गुरु रामकृष्ण परमहंस से जब पहली बार मिले तो उन्होंने एक वैज्ञानिक की तरह यह प्रश्न पूछा कि - क्या आपने ईश्वर को देखा है? तो उन्हें उत्तर मिला हां वैसे ही देखा जैसे तुम्हें देख रहा हूं उन्होंने उनसे प्रति प्रश्न किया, दिन में जैसे हम तारों को नहीं देख सकते हैं , किंतु इसका अर्थ यह नहीं की तारे आकाश में नहीं । दूध के भीतर मक्खन रहता है, पर क्या दूध को देखकर मक्खन को जान सकते हैं ? दूध से दही बनाना पड़ता है,सूर्योदय से पूर्व ठंडी जगह में मथने से मक्खन निकलता है । ईश्वर का नाम-गान करते समय जब हम तन्मय होकर प्रेमोउन्मत्त हो जाते हैं तो ईश्वर की अनुभूति अपने अंदर ही करने लगते हैं । परमहंस के कमंडल से, ज्ञान की गंगा को निकाल कर स्वामी विवेकानंद ने, उसे सारे संसार में जन हितार्थ प्रवाहित कर दिया । रामकृष्ण यदि अनुभूति थे तो विवेकानंद उनकी व्याख्या बनकर आए। फलतःउन्होंने विश्वास पूर्वक



का कहा कि जब हृदय पूर्ण रूप से निर्मल हो जाता है तो मन से स्वार्थ और छल की सारी दुर्गंध निकलने पर मनुष्य की परोपकारी वृत्ति पूर्ण रूप से जाग जाती है । विवेकानंद जी का आविर्भाव जबरदस्त वैज्ञानिक उफ़ान नैतिक अव्यवस्था और बिखरती हुई मानदंडों की पराधीनता से ग्रस्त युग में हुआ था । लोगों को यह नहीं मालूम था कि वह किधर जाएं ? वे विज्ञान की भावना से आंदोलित हो रहे थे। ऐसे ही समय में विज्ञान के रंग में रंगे, विवेकानंद जी की मुलाकात परमहंस जी से हुई थी । गीता के अर्जुन की तरह उन्होंने कर्तव्य का मार्ग उन्हें दिखाया और महसूस कराया कि प्रत्येक व्यक्ति दिव्य प्रकाश रूप ब्रह्म की चिंगारी है । वह हड्डियों मांस और मांसपेशियों तक सीमित नहीं है , यदि वह महसूस करता है कि उसके अस्तित्व के दूसरे आयाम भी हैं । वही उसके आध्यात्मिक आयाम हैं , और उन्हीं का विकास करने की जरूरत है । विवेकानंद ने महसूस किया कि हम बात ज्यादा करते हैं , और आचरण कम , जबकि आडंबर ज्यादा । स्वामी जी ने यह भी कहा कि ऐसे लोगों का एक हिस्सा उन्हें पागलखाने जैसा टापू लगता है । जिसमें बातें बघारने वाले लोग विवेकहीनता से ग्रस्त होकर जंगली व्यवहार करने लगते हैं । ईश्वर तक पहुंचने का सीधा मार्ग मानव सेवा है । कहा जाता है हिंदू धर्म सनातन है । इसका सीधा अर्थ सत्य अहिंसा और प्रेम के बीज सनातन रूप से पलल्वित होते रहे हैं और सदैव होते रहेंगे । समाज की आंखें हैं संत, प्रकाश है धर्म और धर्म का सूर्य है ईश्वर । इसीलिए वेदों में इस सनातन सिद्धांत को प्रतिपादित किया गया है ₹ एकं सदविप्राः बहुधा वदंति ।- सत्य एक है किंतु उपासक एक ही सत्य की अनेक प्रकार से उपासना करता है । अनेक रंगो की गायों का दूध एकसा सफेद है, विवेकानंद जी के गुरु परमहंस जी ने महीनों तक , विभिन्न धर्मों की चर्या की और निष्कर्ष प्रस्तुत किया कि - विभिन्न रास्तों से पहाड़ की चोटी पर पहुंचने वाले साधक, सत्य की चोटी पर चढ़कर समान उद्देश्य प्राप्त करते हैं । इसलिये - उठो , जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको नहीं।

**संगोष्ठी में युवाओं को किया जागरुक**



**ललितपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में नगर के सी.पी.एस., जीजीआईसी, नृसिंह विद्या मंदिर, रघुनाथ इंटर कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में नगर मंत्री कृष्ण गोपाल शर्मा का समस्त विद्यालय में रहना हुआ। उन्होंने युवाओं के प्रेरणा श्रोत स्वामी विवेकानंद के जीवन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा आगामी युवा कुम्भ के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुये समस्त विद्यार्थियों को कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रमों में नगर इकाई के कार्यकर्ता बहन शिवानी राजा, विशाल नामदेव, कुंवरजी राजा, अभय पाठक, सूर्यांश राजा, प्रशांत चौबे, सुमित दोहरे, प्रियांशु पटैरिया, प्रांजुल झां, पिंकू झां आदि मौजूद रहे।

## हिंदू-मुस्लिम एकता के साथ गूंजे देशभक्ति व राष्ट्रप्रेम के जयकारे

# सांप्रदायिक सौहार्द्र की अनूठी मिसाल बनी सेमरी बालाजी धाम की झंडा यात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना/आरोन

आरोन नगर से लगभग 25 किलोमीटर दूर गुना रोड स्थित प्रसिद्ध सेमरी बालाजी धाम तक निकाली गई भव्य पैदल झंडा यात्रा ने श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सौहार्द का अनुपम संदेश दिया। यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि इसमें हिंदू-मुस्लिम समुदाय की सहभागिता ने भाईचारे और राष्ट्रीय एकता की मिसाल पेश की।झंडा यात्रा का शुभारंभ सुबह ठीक 10 बजे नगरवासियों की आस्था के केंद्र श्री दास हनुमान मंदिर से हुआ। यात्रा से पूर्व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती का आयोजन किया गया। इसके पश्चात समाजसेवी प्रतिनिधियों द्वारा विधिवत झंडा दिखाकर यात्रा को रवाना किया गया। शुभारंभ के साथ ही वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो उठा।यात्रा के दौरान श्रद्धालु हाथों में भगवा झंडे लिए जय श्रीराम, जय हनुमान के जयकारे लगाते हुए पूरे उत्साह के साथ पैदल चलते नजर आए।


जैसे-जैसे झंडा यात्रा आगे बढ़ी, पूरा मार्ग धार्मिक नारों, देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम के उद्घोष से गूंजता रहा। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय जन प्रतिनिधियों, व्यापारियों एवं नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया, जिससे माहौल और अधिक भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण बन गया। दोपहर के समय झंडा यात्रा सेमरी बालाजी धाम पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मंदिर परिसर में झंडा चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात भगवान हनुमान की आरती संपन्न हुई और सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धा, अनुशासन और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस आयोजन में भगवान विश्वनाथ कावड़ यात्रा समिति के संयोजक शक्ति शर्मा की विशेष भूमिका रही। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, समाजसेवियों एवं स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त कर कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी सद्भाव, सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलती है। श्रद्धालुओं का अनुशासन, उत्साह और भक्ति भाव इस आयोजन को अविस्मरणीय बनाता नजर आया।

### जिले में कायम है गंगा जमुनी तहज़ीब

यह पहला मौका नहीं है जब किसी धार्मिक यात्रा के दौरान गुना जिले में गंगा जमुनी तहजीब का नजारा देखने को मिला हो बल्कि जिले के लगभग प्रत्येक गांव और कस्बे में इस तरह के आयोजन आमतौर पर देखने को मिल जाया करते हैं। जब ताजियों के वक्त गुना में सबसे पहले निहाल सिंह का ताजिया कष्ट करता हुआ दिखाई देता है तो वही म्याना में डोल ग्यारस के विमानों को मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा अपने कंधे पर रखकर गांव भर से निकाला जाता है ।अनेक ऐसे उदाहरण हैं जो गुना जिले को देश भर में अलग पहचान दिलाते हैं और सांप्रदायिक सौहार्द्र की मिसाल कायम करते हैं।

# जनता के लिए नगर में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ व शुद्ध उपलब्ध हो: विधायक दांगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ एवं आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो ऐसे में विधायक हजारीलाल दांगी , नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह , सीएमओ हरीओम शर्मा सहित नगर के पत्रकारों ने पेयजल टंकी , फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। गोरतलब है कि विगत दिनों कांग्रेस जिलाध्यक्ष पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में नगर कि पेयजल व्यवस्था एवं अन्य समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया था।

जिस पर विधायक हजारीलाल दांगी ने नगर के पेयजल स्त्रोत आवास कालोनी पानी की टंकी , छापी बांध स्थित फिल्टर प्लांट, आवास मुक्ति धाम इत्यादि का नगर परिषद अमला पत्रकारों आम नागरिकों को लेकर निरीक्षण किया वहां कि समस्त गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण कर पेयजल को स्वयं ने जल ग्रहण कर शुद्धता की जांच की तथा उपलब्ध पेयजल व्यवस्था सही होना पाया। जहां पर विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि नगर में पेयजल पुरी तरह शुद्ध सप्लाई जारी है जिसे सभी ने पीकर देखा है। नगर वासियों को गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर परिषद छापी डेम स्थित वाटर फिल्टर प्लांट एवं आवास कॉलोनी दशहरा मैदान के सामने बस स्टैंड के वाटर सप्लाई केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान पेयजल शुद्धिकरण प्रक्रिया, स्वच्छता व्यवस्था एवं तकनीकी संचालन की समीक्षा करते हुए नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने संबंधी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कांग्रेस सत्ताहीन होने के बाद लोगों को कर रही है भ्रमित

कांग्रेस जिला अध्यक्ष पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह ने तहसीलदार को दिए ज्ञापन पर विधायक हजारीलाल दांगी ने पलटवार करते हुए बताया कि कांग्रेस के लोग सताहीन होने के बाद लोगों को भ्रमित कर रहे हैं , उनका आरोप निराधार है, वाटर फिल्टर प्लांट के बाहर 6 माह पहले मरे जानवर का फोटो लाकर नगर की जनता को गुमराह किया जा रहा है, नगर में साफ स्वच्छ पानी सप्लाई की जा रही है कांग्रेस पार्टी के लोग केवल गुमराह करने में आगे हैं।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष के फैक्ट्री से राजनीति वाले आरोप पर विधायक हजारीलाल दांगी ने जवाब देते हुए बताया कि में केवल जनता के बीच का विधायक हूं दिन-रात जनता की सेवा में लगा रहता हूं, कभी भी किसी अधिकारी को फोन लगाकर फैक्ट्री में बुलाकर सता का रोब नहीं दिखाया है, कांग्रेस जिला अध्यक्ष विधायक और मंत्री रह चुके हैं मेरे हिसाब से तो उनके महल में राजनीति चलती होगी इसीलिए फैक्ट्री में राजनीति वाला आरोप उन्होंने लगाया है।

# नवांकुर संस्था ओम शांति महिला मंडल ने किया बैठक का आयोजन

### ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति इलाहीपुरा की आंगनबाड़ी केंद में हुई संपन्न




**ब्यावरा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नवांकुर योजना में चयनित संस्था ओम शांति महिला मंडल नरसिंहगढ़ द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति इलाहीपुरा में प्रथम बैठक का आयोजन गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया। जिसमें नवांकुर संस्था अध्यक्ष हेमलता गोयल एवं सचिव विनोद वर्मा के साथ समिति के सदस्य उपस्थित हुए। बैठक मे हेमलता जी ने जन अभियान परिषद की योजनाओ की जानकारी दी एवम ग्राम विकास समिति के सदस्यों के साथ गाँव मे स्वक्ष पर्यावरण साफ सफाई शिक्षा एवं नल जल योजना के बारे मे चर्चा की बैठक मे नवांकु संस्था की अध्यक्ष हेमलता गोयल विनोद वर्मा एवं विकास समिति के अध्यक्ष मिथुन कुशवाह रोशन कुशवाह दीपक भूपेश कुशवाह ललिता कुशवाह अंजू कुशवाह रेखा एवं समिति के अन्य सदस्य शामिल हुए।

### महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, भोपाल ले जाते समय मौत

**लखनवास।** लोधीपुरा गांव शुक्रवार शाम को सड़क हादसे में 55 वर्षीय महिला की जान चली गई। घटना उस समय हुई जब महिला सड़क पार कर रही थी तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोधीपुरा निवासी 55 वर्षीय महिला रामसुरी बाई शुक्रवार शाम करीब 7.30 बजे के लगभग पड़ोसी के घर से अपने घर लौट रही थी। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारदी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायल महिला को संभाला। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के लिए अपने निजी वाहन से भोपाल ले जाते समय रास्ते में ही महिला की स्थिति और बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। नरसिंहगढ़ सिविल हॉस्पिटल में सुबह पोस्टमार्टम कर परिजनों को सव सोप दिया ग्रामीण जनों की मौजूदगी मैं लोधीपुरा गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

**मृतक की पत्नी सहित समाज के युवा पहुंचे कोतवाली**

# युवक की संदिग्ध मृत्यु मामले में निष्पक्ष जांच करने की रखी मांग



**राजगढ़।** विगत 28 दिसंबर की रात्रि नगर की हेडगेवार कॉलोनी निवासी युवक कल्याण सेन की बाईक समेत नेवज के छोटे पुल से गिरकर संदिग्ध रूप से मृत्यु का मामला सामने आया था। इस मामले में मृतक युवक कल्याण की पत्नी सहित समाजजनों व कॉलोनीवासियों ने संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु के इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग पुलिस प्रशासन से की है।

मृतक की पत्नी पूजा सेन ने बताया कि 28 दिसंबर की रात्रि उन्हें सूचना मिली थी कि उनके पति बाईक समेत नेवज के छोटे पुल से गिर गए हैं। सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंची जहां उनके पति बाईक समेत पुल के नीचे गिरे हुए थे। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा उन्हें मृत घोषित किया गया। फरियादिया पूजा सेन के मुताबिक उनके पति की चप्पलें घटनास्थल पर नहीं बल्कि डाक बंगले पर पाई गई थी जिससे पूरा मामला संदेहास्पद है। इसके साथ ही नेवज के छोटे पुल पर भी ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे इससे महज एक सामान्य दुर्घटना कहा जा सके। ऐसे में उनकी मांग है कि उनके पति की संदेहास्पद परिस्थिति में हुई मृत्यु की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। साथ ही उस रात्रि मृतक कल्याण के साथ रहे संबंधितों से पूछताछ की जाकर विधिवत जांच एवं कार्यवाही की जाए।

### एनसीसी केयरटेकर सुरेंद्र प्रजापति बने थर्ड अफसर

**गुना।** 35 वाहनी एनसीसी शिवपुरी के कमान अधिकारी कर्नल विजयवीर सिंह दहिया एवं सूबेदार मेजर अमरजीत सिंह की उपस्थिति में शुक्रवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैंट गुना के एनसीसी केयरटेकर सुरेंद्र कुमार प्रजापति की रैंक सेरेमनी कार्यक्रम 35 बटालियन मुख्यालय शिवपुरी में आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल विजय वीर सिंह दहिया एवं सूबेदार मेजर अमरजीत सिंह मलिक ने प्रजापति के कंधों पर थर्ड अफसर की रैंक लगाते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कैप्टेन मनोज कुमार भिरोरिया ने किया। आभार फर्स्ट ऑफिसर आर.एन. कोहली ने किया। सेरेमनी के दौरान 35 बटालियन के सीनियर जूनियर डिवीज़न के एनसीसी अधिकारी, बटालियन का सिविल स्टाफ मौजूद रहे। थर्ड अफसर सुरेन्द्र प्रजापति की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल, शासकीय बालक उ.मा.वि.कैंट गुना की प्राचार्य सीमा शर्मा, वीरेंद्र मिंज, मनीष गुप्ता, जितेंद्र रघुवंशी ने बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी।

### चाटूखेड़ा में 17 को होगा विराट हिंदू सम्मेलन



**खुजनेर।** ग्राम चाटूखेड़ा में 17 जनवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी जोरों पर है बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा हिन्दू सम्मेलन में सम्मिलित होने हेतु प्रत्येक गांव गांव में हिन्दू सम्मेलन के निमित्त पीले अक्षत पत्रक वितरण किए जा रहे हिन्दू सम्मेलन को साध्वी रंजना अंतर्राष्ट्रीय भागवत कथा, राम कथा की सरस वक्ता एवं सामाजिक, महिला सशक्तिकरण कार्यकर्ता संबोधित करेगी कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारिया को अंतिम रूप दिया जा रहा पूरे गांव को भगवा पताका अन्य साज सज्जा की जा रही है।

## आरसेटी ने 23 महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

# गांवों में बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**राजगढ़।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं उनसे जुड़े गांवों में बैंकिंग सेवाओं की सुलभ पहुंच बनाने हेतु आजीविका मिशन, आरसेटी, शासन-प्रशासन कई प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में वन जीपी, वन बीसी योजना के तहत स्थानीय संकट मोचन बड़ली क्षेत्र स्थित ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान(आरसेटी) में जिले की 23 महिलाओं को बैंकिंग कार्यप्रणाली के गुर सिखाने विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान इन महिलाओं को डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय लेनदेन, बीमा योजनाओं, ग्राहक सेवा कौशल इत्यादि के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। मास्टर टेनर महेष व्यास से प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त अब ये महिलाएं अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में बैंक प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगी। इससे न केवल ग्रामीणों को बैंक जाने की असुविधा से राहत मिलेगी बल्कि ये महिलाएं स्वयं भी आत्मनिर्भर होकर आर्थिक रूप से सशक्त बन पाएंगी। समापन अवसर पर आरसेटी निदेशक अनिमेष मालवीय ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संस्थान के संकाय सदस्य बालमुकुंद जाटव, देवराज सिंह, मधुसूदन नामदेव सहित अन्य उपस्थित थे।

# ग्राहक को फेस्टिव लक्की ड्रॉ में मिली पल्सर 125

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा




बजाज ऑटो कंपनी की राजगढ़ जिला स्तरीय डीलरशिप यादव बजाज शोरूम पर नवरात्रि व दिवाली के पावन अवसर पर यादव बजाज द्वारा जिला स्तरीय लक्की ड्रा यानि एक गाड़ी पर एक गाड़ी फ्री का ऑफर ग्राहकों को दिया गया, उक्त लक्की ड्रा कूपन का आयोजन आज किया गया, 1000 ग्राहकों को कूपन दिया गया था , उक्त सभी कूपन के बॉक्स में से एक कूपन उठाना था उन सभी कूपन के बॉक्स में से एक कूपन को 5 वर्ष की बच्ची से उठवाया गया सभी ग्राहकों के सामने जिसमें से सब डीलर जेनम बजाज छापीहेड़ा के ग्राहक प्रेम सिंह कुशवाह निवासी देवलीसांग वाले के नाम से मेगा लक्की ड्रा में पल्सर 125 सीसी की बजाज गाड़ी खुली, बाकी ग्राहकों को गिफ्ट वितरित किए गए। इस आयोजन में यादव बजाज शोरूम के सब डीलर के ग्राहक भी शामिल हुए थे , साथ ही मकर संक्रांति एवं गणतंत्र दिवस के पर्व पर पल्सर 125 सीसी ओर फ्रीडम सीएनजी 125 सीसी पर पांच पांच हजार की छूट दी जा रही है। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ यादव बजाज शोरूम के ऑनर राहुल यादव और संदीप यादव द्वारा मां लक्ष्मी जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया इस दौरान बजाज शोरूम के मैनेजर देवराज सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

## विधायक और नपा अध्यक्ष के निर्देशन में हो रहा काम

# 2 करोड़ 7 लाख के विकास कार्य से संवर रहा कुरावर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

मध्य प्रदेश भाजपा सरकार और मंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नगर परिषद द्वारा बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक स्तर पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विधायक मोहन शर्मा के सतत प्रयासों और नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई चंद्रवंशी के निर्देशन में लगभग 10 वार्डों में 2 करोड़ 7 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्य प्रगति पर हैं।

इन कार्यों में सड़क, नाली, पेवर ब्लॉक, पुलिया और सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से नगर परिषद भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है, जो प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 24 लाख रुपए की लागत से निर्मित सार्वजनिक पार्क का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे नगरवासियों को मनोरंजन और हरित वातावरण की सुविधा मिलेगी। वार्ड क्रमांक 12 व 13 में 260 मीटर लंबाई की सीसी रोड का निर्माण 9.50 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है।

वार्ड क्रमांक 3 में माता जी के मंदिर परिसर में डेढ़ लाख रुपए की लागत से पेवर ब्लॉक का कार्य कराया गया है। वार्ड क्रमांक 1 में पुलिया में पाइप एवं पेवर ब्लॉक का निर्माण एक लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है। इन विकास कार्यों से आमजन को मूलभूत सुविधाएं मिलने के साथ ही नगर के सर्वांगीण विकास को नई गति मिल रही है।

## स्टॉल, पंजीयन एवं दिव्यांगजनों को लेकर अधिकारियों को निर्देश

# रोजगार मेला तैयारियों का मंत्री ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर





नगर के मंडी परिसर में 12 जनवरी को आयोजित होने वाले युवा संगम रोजगार मेला को लेकर शनिवार को राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल सहित प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं, सुविधाओं, सुरक्षा, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, पंजीयन काउंटर, कंपनियों के स्टॉल तथा दिव्यांगजनों व युवाओं की सुविधा से संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल,एसडीएम रोहित बम्होरे, निर्मल जैन, निलेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,विष्णु पाटीदार सहित कई पार्षदगण एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि यह रोजगार मेला क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार का बड़ा अवसर है। आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण की जाएंगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस रोजगार मेले का लाभ उठाएं। युवा शक्ति को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में यह आयोजन एक मजबूत और प्रभावी कदम साबित होगा।

### युवा संगम रोजगार मेला को लेकर नगर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक

बैठक में रोजगार मेले की तैयारियों, व्यवस्थाओं तथा युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही युवाओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रचार-प्रसार एवं आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, निर्मल जैन,नपा उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा,मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, विष्णु पाटीदार सहित अन्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में मंत्री टेटवाल सहित सभी अतिथियों ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस रोजगार मेले में शामिल होकर रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसरों का लाभ उठाएं। युवा संगम रोजगार मेला युवाओं को आत्मनिर्भर, सक्षम एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त व ठोस पहल है। नगरवासियों से अपील की गई है कि वे इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।